04/12/25 (M)

(i) Printed Pages : 3 Roll No. ....

(ii) Questions : 4

Sub. Code : | 1 | 7 | 4 | 0 | 5 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 5 |

B.A./B.Sc. (General) 5th Semester

(2125)

HINDI

Paper : Elective

Time Allowed : Three Hours] **[Maximum Marks : 90**

नोट :– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

(3) भाषा की शुद्धता का ध्यान रखें।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या करें :

(i) ईश जानें, देश का लज्जा विषय
तत्त्व है कोई कि केवल आवरण
उस हलाहल–सी कुटिल द्रोहाग्नि का
जो कि जलती आ रही चिरकाल से
स्वार्थ–लोलुप सभ्यता के अग्रणी
नायकों के पेट में जठराग्नि–सी।

(ii) बाहर से भाग कक्ष में जो छिपता हूँ कभी,
तो भी सुनता हूँ अट्टहास क्रूर काल का,
और सोते–जागते मैं चौंक उठता हूँ, मानो
शोणित पुकारता हो अर्जुन के लाल का।

(iii) सुख का सम्यक रूप विभाजन
जहाँ नीति से, नय से
संभव नहीं, अशांति दबी हो
जहाँ खड्ग के भय से।

(iv) पितामह कह रहे कौन्तेय से रण की कथा हैं,
विचारों की लड़ी में गूँथते जाते व्यथा हैं।
हृदय–सागर मथित हो कर कभी जब डोलता है,
छिपा निज वेदना गम्भीर नर भी बोलता है।

$2 \times 6 = 12$

(ख) कुरुक्षेत्र खण्डकाव्य का नायक आप किसे मानते हैं? उसके चरित्र–चित्रण पर प्रकाश डालिए?

अथवा

कुरुक्षेत्र में किन आधुनिक समस्याओं को प्रस्तुत किया गया है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। 15

2. (क) काव्य की विभिन्न परिभाषाओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

गीतिकाव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 15

(ख) निबंध के तत्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

संस्मरण के तत्वों पर प्रकाश डालिए। 15

3. निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं **तीन** अलंकारों की परिभाषा देकर उन्हें सोदाहरण स्पष्ट करें :

अनुप्रास, यमक, श्लेष, विरोधाभास, अतिशयोक्ति, उत्प्रेक्षा।

3×6=18

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) जीवनी से क्या तात्पर्य है?

(ii) आचार्य भामह ने काव्य की क्या परिभाषा दी है? स्पष्ट करें।

(iii) महाकाव्य में सर्गबद्धता से क्या अभिप्राय है?

(iv) दिनकर जी ने कुरुक्षेत्र में युद्ध और शान्ति में से किसे श्रेष्ठ बताया है?

(v) कुरुक्षेत्र के प्रथम सर्ग का कथ्य स्पष्ट कीजिए।

(vi) अश्वत्थामा कौन था? उसने क्या पाप किया था?

3×5=15